**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।**

**2 लाल बहादुर शास्त्री मार्ग, फील्ड हास्टल, लखनऊ**

ई–मेल– ee_2cd_lucknow@yahoo.in

पत्रांकः 793 / W.4 / 17 दिनांक : 24/8/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
लखनऊ।

**विषय–** दिनांक 23.08.2026 को समाचार पत्र दैनिक भास्कर लखनऊ में "भगौतीपुर में जल जीवन मिशन दो साल से अधूराः 4.10 करोड़ की योजना से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल का इंतजार" शीर्षक से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक **दिनांक** 23.08.2026 को समाचार पत्र दैनिक भास्कर लखनऊ में **"भगौतीपुर में जल जीवन मिशन दो साल से अधूराः 4.10 करोड़ की योजना से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल का इंतजार"** शीर्षक से खबर प्रकाशित की गयी है के क्रम मे सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों में 376 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत 663 नग राजस्व ग्रामों मे निर्माण कार्य प्रस्तावित है। योजनान्तर्गत कुल 442 नग नलकूप, 442 नग पम्प गृह, 442 नग सोलर प्लान्ट, 381 नग शिरोपरि जलाशय, 442 नग बाउण्ड्रीवॉल, 4940 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 219677 नग पेयजल गृह संयोजन इत्यादि के कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 435 नग नलकूप, 435 नग पम्प गृह, 435 नग सोलर प्लान्ट, 214 नग शिरोपरि जलाशय, 4842 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 215314 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण कर लिए गए है तथा अवशेष कार्य प्रगति पर है, योजना मे सम्मिलित 663 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 629 नग राजस्व ग्रामों में सीधे पम्पिंग एवं अवर जलाशय के माध्यम से नियमित क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकासखण्ड–बी0के0टी0 की ग्राम पंचायत **भगौतीपुर** से सम्बन्धित है। प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में तथ्यात्मक आख्या निम्नवत् है।

**1. अरम्बा, भगौतीपुर ग्राम पंचायत समूह पेयजल योजना**

विकासखण्ड–बी0के0टी0 की ग्राम पंचायत भगौतीपुर (समाचार पत्र में उल्लिखित) अरम्बा भगौतीपुर ग्राम पंचायत समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत सम्मिलित है। योजनान्तर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प गृह, 01 नग सोलर पैनल, 01 नग शिरोपरि जलाशय (275 कि0ली0/16 मी0 स्टेजिंग), 14.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली एवं 912 नग पेयजल गृह संयोजन इत्यादि के कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग सोलर पैनल, 25 प्रतिशत अवर जलाशय, 95 प्रतिशत वितरण प्रणाली एवं 20 प्रतिशत पेयजल गृह संयोजन के कार्य पूर्ण कर लिए गए है। अवर जलाशय परिसर तक पहुँच मार्ग सही न होने के कारण मेन पाइप लाइन ज्वाइटिंग का कार्य नही किया जा सका है, जिसे 2 माह में पूर्ण कराकर सीधे पम्पिंग के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।



यहाँ यह भी अवगत कराना है कि उक्त योजना के समस्त कार्यों को पूर्ण कराने की लक्षित तिथि दिसम्बर 2028 निर्धारित की गयी है। जिसको समयान्तर्गत पूर्ण कराते हुए पूर्ण क्रियाशील एवं जनोपयोगी कर दिया जाएगा।

अतः उपरोक्तानुसार सूचना आप महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

भवदीय

(ए0के0 त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, लखनऊ।
6. मुख्य संम्पादक, समाचार पत्र, दैनिक भास्कर, लखनऊ।
7. जिला सूचना अधिकारी, लखनऊ।
8. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सन्दर्भित कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
9. पी0एम0, मै0 एन0सी0सी0लि0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि योजना के समस्त कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता